Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 23-08-2006

Participants : Shakya Shri Raghuraj Singh

an>

Title : Drought situation prevailing in Uttar Pradesh.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से उत्तर प्रदेश में सूखे की समस्या की ओर केन्द्र सरकार का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश में किसानों ने जो धान रोपा तथा वार्काकालीन फसलें रोपीं, उसमें किसानों की खाद, डीजल आदि चीजें लगीं। परंतु लास्ट में वार्ा न होने की वजह से किसानों ने जो धान रोपा था, वह बर्बाद हो गया। वार्ा न होने के कारण उत्तर प्रदेश के किसान आज बहुत परेशान हैं। उनकी तमाम फसलें बरबाद हो गई हैं। पानी नहीं बरसने के कारण प्रदेश के किसानों के सामने आज अनेकों समस्याएं खड़ी हो गई हैं। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि जब अन्य् स्टेट्स को विशेा आर्थिक पैकेज दिये जा रहे हैं, फिर उत्तर प्रदेश के साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा प्रदेश हैं। सबसे बड़ा प्रदेश होने के नाते आज वहां के किसान केन्द्र सरकार की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहे हैं। इसलिए हमारा निवेदन है कि उत्तर प्रदेश को भी विशेा आर्थिक पैकेज दिया जाए। आज प्रदेश के किसान सूखे की चपेट में आकर बर्बाद हो रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से पुनः निवेदन करना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश की परिस्थिति को देखते हुए उसे ि वशेा आर्थिक पैकेज दिया जाए, जिससे कि उत्तर प्रदेश के जो किसान आज भुखमरी के कगार पर हैं, उन्हें कुछ राहत मिल सके। धन्यवाद।